


# हाइफ़ा बन्दरगाह – इस्राइल का प्रमुख बन्दरगाह

स्वेज़ नहर के किनारे, पूर्वी मेडेटिरेनियन बेसिन के किनारे पर बसे इस्राइल तथा उसके सभी बन्दरगाहों की लोकेशन, प्रमुख शिपिंग लाइनों, विशेषकर उनके लिए जो विशाल लाइनर्स पर निर्भर करती हैं, को आकृष्ट करती है। इस्राइल के सभी बन्दरगाहों में, हाइफ़ा बन्दरगाह अपने गुणों, प्रभावशीलता तथा प्रत्येक ग्राहक की सेवा में श्रेष्ठता के लिए अपनी प्रतिबद्धता के कारण विशिष्ट है। न केवल नवोन्मेशी टेक्नॉलॉजी तथा सर्वोत्तम उपकरण हाइफ़ा बन्दरगाह को इस्राइल का सर्वश्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि उसकी सफलता तथा उपलब्धियों का मुख्य कारण उसके कर्मचारी हैं। इसका सबसे महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित कारण है हमारा मानव संसाधन, जिसमें पेशेवर, गंभीर, सेवा वृत्तीय, और प्रतिबद्ध व्यक्ति हैं, जो चौबीसों घंटे, सप्ताह के सातों दिन और पूरे वर्ष हमारा प्रतिनिधित्व करके स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

हाइफ़ा के बन्दरगाह में 24 घंटे क्लिप देखिये

## एक ही पोर्ट पर सभी लाभ!

- हाइफ़ा बन्दरगाह एक प्राकृतिक, सुरक्षित खाड़ी में स्थित है जहां पूरे वर्ष जहाज़ बिना किसी रुकावट के आ और जा सकते हैं।
- हाइफ़ा बन्दरगाह के टर्मिनलों में विशाल कंटेनर जहाज़ और किसी भी प्रकार के कार्गो का परिवहन संभव है: कंटेनर्स, सामान्य कार्गो, थोक, बीज, रसायन, वाहन, ईंधन तथा मोटर वाहन।
- बन्दरगाह विश्व के सबसे व्यस्त शिपिंग मार्ग के निकट स्थित है: स्वेज़ नहर।
- बन्दरगाह तक हर दिशा से पहुंचना सुविधाजनक है, और नगर में प्रवेश की आवश्यकता ही नहीं है।
- बन्दरगाह के, इस्राइल रेलवेज़ के रेलवे नेटवर्क से संबंध और रेलवे के कार्गो डिवीज़न के निकट सहयोग से उत्तर में डिमोना तक और दक्षिण में ऑरोन तक, तथा पूर्व में, जॉर्डन की सीमा तक एमेक रेलवेज़ की धुरी पर कार्गो का परिवहन संभव हो पाता है।
- इस्राइल में हाइफ़ा बन्दरगाह सबसे आधुनिक और उन्नत बन्दरगाह है तथा विभिन्न प्रकार के कार्गो के भिन्न-भिन्न टर्मिनल्स के ऑपरेशन्स कम्प्यूटरीकृत, कार्यदक्ष तथा त्वरित हैं, जहां पर प्रमुखता कार्गो के लादने और उतारने के काम को इष्टतम करने को दी जाती है।
- हाइफ़ा बन्दरगाह पर चौबीसों घंटे, सप्ताह के सातों दिन काम होता है।
- कंपनी की वेबसाइट पर बन्दरगाह के ग्राहकों को मित्रवत तथा सुविधाजनक इंटरफ़ेस उपलब्ध कराया जाता है, तथा पूरी पारदर्शिता के साथ डेटा प्रस्तुत किया जाता है।
- हाइफ़ा बन्दरगाह का आधुनिक टर्मिनल, पवित्र भूमि का सटीक द्वार है, जहां से हाइफ़ा नगर को श्रेष्ठ राहें हैं और छोटी सी ड्राइव की दूरी पर वे सभी विश्व स्तरीय आकर्षण हैं, जो इस्राइल के पास अपने सैलानियों को प्रस्तुत करने के लिए हैं।




# आंकड़ों में बन्दरगाह

**1,463,997**

कंटेनर्स – हाइफ़ा बन्दरगाह पर टीईयू का परिवहन हुआ था।

**29,531,000**

हाइफ़ा बन्दरगाह में टन सामान का परिवहन किया गया था।

**50.3%**


चार इस्रायली बन्दरगाहों से हो कर गुज़रने वाले कार्गो का हाइफ़ा बन्दरगाह से हो कर गया था।


**240,000**

अगले वर्ष यात्रियों और सैलानियों के टर्मिनल से यात्रा करने की आशा है।

## CARGO हाइफ़ा बन्दरगाह पर सेगमेंटेशन:

जनवरी-दिसंबर 2018





## हाइफ़ा बन्दरगाह के टर्मिनल

### कार्मेल टर्मिनल
कार्मेल टर्मिनल, इस्राइल में विशालतम, सबसे उन्नत तथा सबसे हरा-भरा कंटेनर टर्मिनल, जो कंपनी के विज़न को कार्यान्वित करने की राह में, और हाइफ़ा को विश्व के सबसे उन्नत बन्दरगाहों के क्रम में स्थापित करने की केन्द्रीय भूमिका में रहा है।
यह आधुनिक टर्मिनल 2011 के मध्य से पूरी तरह ऑपरेशनल हो गया और अभी उसकी क्षमता एक मिलियन टीईयू प्रति वर्ष के परिवहन की है, जिसके कारण 15,300 टीईयू तक के कंटेनर जहाज़ों की दक्ष और त्वरित सेवा संभव हो पाती है।
टर्मिनल के पास आठ ब्रिज क्रेन हैं, जो विश्व के सबसे उन्नत में से हैं, जिनके कारण ऐसे कंटेनर जहाज़ों की भी दक्ष सेवा की जा सकती है जिनकी चौड़ाई ऐसी होती है कि वे 21 कंटेनर के आयतन तक को ले जा सकते हैं। इन ब्रिज क्रेनों के कारण, जिनकी क्षमता एक बार में 35 टन के दो कंटेनर उठाने की होती है, हाइफ़ा बन्दरगाह का उत्पादन कहीं अधिक बढ़ जाता है। टर्मिनल 700 मीटर लंबा है तथा दो विशाल कंटेनर जहाज़ों के माल को एक ही समय में उतारा/चढ़ाया जा सकता है। कार्मेल टर्मिनल के ब्रिज क्रेन, दोहरे स्प्रेडर्स का इस्तेमाल करते हैं, जिससे दो 20-फुट कंटेनर अगल बगल ले जाना संभव हो पाता है। कार्मेल टर्मिनल, तथा बन्दरगाह के अन्य टर्मिनल, नाविस टर्मिनल ऑपरेटिंग सिस्टम (टीओएस) का इस्तेमाल करते हैं, जो कि विश्व की आधुनिक टर्मिनल प्रबंधन प्रणालियों में सबसे उन्नत प्रणाली है। टर्मिनल के पिछवाड़े कंटेनर स्टोर करने के लिए 5,000 सेलों की जगह है जहां प्रति सेल 5 कंटेनर रखे जा सकते हैं - जिसका अर्थ है कि 25,000 कंटेनर, जिन्हें 15 एड्वान्स्ड गेट क्रेन्स की सहायता से हैंडल किया जाता।

### पूर्वीय टर्मिनल
1980 में स्थापित पूर्वीय कंटेनर टर्मिनल इस्राइल में सबसे लंबा (960 मीटर लंबा) कंटेनर टर्मिनल है, जिसमें 10 “पैनामैक्स” तथा “पोस्ट पैनामैक्स” ब्रिज क्रेन हैं जो कि गोदी की तट रेखा के साथ फैले हुये हैं। टर्मिनल की क्षमता एक ही समय में 5000-6000 टीईयू के 3 कंटेनर जहाज़ों को हैंडल करने की है। इसी गोदी में कंटेनर टर्मिनलों तथा तीन रेल की पटरियों का भी संबंध बनाया जाता है जहां पर कंटेनर्स को चढ़ाया और उतारा जाता है।

### पश्चिमी टर्मिनल
पश्चिमी जेटी में, वह जेटी भी शामिल है जहां दो ब्रिज क्रेनों की सहायता से, छोटे फ़ीडर जहाज़ों के लिए कंटेनर उतारे और चढ़ाये जाते हैं। सामान्य तथा थोक कार्गो के लिए दो बाँहों वाले क्रेन भी जेटी पर स्थापित हैं। जेटी, जिसमें एक फ़िंगर जेटी भी है, का रोल-ऑन/रोल-ऑफ जहाज़ों के स्वागत के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

### केंद्रीय टर्मिनल
केंद्रीय जेटी, जो कि यात्री टर्मिनल के निकट है, बन्दरगाह की सबसे पुरानी जेटी है जिसका विस्तृत नवीकरण हुआ है, जो 2018 में पूरा हुआ। यह जेटी, हाइफ़ा नगर के निचले क्षेत्र की सड़कों के निकट है, और धीरे-धीरे कुछ वर्षों में शहरी तट बन जाएगी। मुख्य जेटी का इस्तेमाल, उन यात्री और सैलानी जहाज़ों की एंकरिंग के लिए किया जाता है, जो हाइफ़ा की यात्रा पर आते हैं या जो हाइफ़ा के बन्दरगाह पर एक, दो - या शायद तीन दिनों तक के लिए रुकते हैं।





# हाइफ़ा बन्दरगाह के टर्मिनल

## अनाज जेटी

अनाज परिवहन गोदी, इस्राइल के अनाज गोदाम, डागोन साइलो के लिए काम करती है। सांकेतिक रूप से डागोन साइलोज़ की क्षमता 90,000 टन है, और इनका इस्तेमाल अनाज को उतारने, भंडारण करने और उसे ट्रेनों और ट्रकों पर चढ़ाने के लिए किया जाता है। विशेष उद्देश्य वाले डेरिक, अनाज को जहाज़ों से उतारते हैं तथा उन्हें साइलो में स्थानांतरित करते हैं।

## किशोन बन्दरगाह

किशोन बन्दरगाह, किशोन नदी के मुहाने से घूम कर, पूर्व में मुख्य बन्दरगाह तक बढ़ता है। किशोन घाट (पश्चिमी किशोन तथा भविष्य में पूर्वी किशोन गोदी तक भी) का इस्तेमाल विशाल रोल-ऑन/रोल-ऑफ जहाज़ों के लंगर डालने तथा सर्विसिंग के लिए और सामान्य कार्गो जहाजों और थोक कार्गो के लिए इस्तेमाल किया जाता है। घाट पर सामान्य कार्गो का अत्यंत दक्षता के साथ परिवहन कराने के लिए सात आधुनिक क्रेन हैं।

## रासायनिक टर्मिनल

हाइफ़ा बन्दरगाह का रासायनिक टर्मिनल, इस्राइल का एकमात्र है, जिसे रसायनों के परिवहन और भंडारण के लिए इस्तेमाल किया जाता है और यह उत्तरी और दक्षिणी टर्मिनल में बंटा हुआ है। उत्तरी टर्मिनल, किशोन बन्दरगाह के आगमन चैनल के उत्तरी ओर स्थित है जहां तीन रासायनिक जहाज़ों पर एक ही समय में काम किया जा सकता है। दक्षिणी टर्मिनल का उपयोग, आने वाले टैंकरों को लंगर डालने के लिए किया जाता है और यह पश्चिमी किशोन क्षेत्र के कार्गो टर्मिनल के एक्सटेंशन में स्थित है। टर्मिनल और घाट, कंप्यूटर नियंत्रित अग्नि शामक सिस्टम द्वारा सुरक्षित हैं।

## ईंधन परिवहन

हाइफ़ा बन्दरगाह पर टैंकरों में अनुगामी प्रकार के ईंधन लादे या उतारे जा सकने की क्षमतायें उपलब्ध हैं: हवाई जहाज़ों के लिए ईंधन, गैसोलीन, डीज़ल तेल, केरोसीन, मरीन डीज़ल ईंधन, हल्का और भारी माज़ूत। ईंधन जेटी हाइफ़ा बन्दरगाह के मुख्य क्षेत्र में स्थित है और इसका उपयोग विभिन्न ईंधन उत्पादों के परिवहन के लिए किया जाता है। ईंधन जेटी पर दो टैंकरों को एक ही समय पर सम्बद्ध किया जा सकता है, दोनों ओर एक एक। बाहरी एंकरेज में बन्दरगाह के पूल के बाहर, इस ईंधन को उतारने के लिए एक भूमिगत सुविधा है जो पानी के नीचे के पाइपों के द्वारा हाइफ़ा खाड़ी में तेल की टंकियों के टर्मिनल से सम्बद्ध है।






# अधिक मज़बूत, अधिक हरियाली

कोई भी जो बन्दरगाह के पूल में नाव पर या उसकी जेटियों के बीच यात्रा करता है, नीलवर्णी पानी को, चमकते हुये जहाज़ों के सफ़ेद ट्रेल को, और उसके चारों ओर फैली हुई साफ़ हवा को अनदेखा नहीं कर सकता है। हाल के वर्षों में, हाइफ़ा बन्दरगाह ने गल्फ़ क्षेत्र में, स्वच्छ हरे भरे वातावरण के निर्माण के लिए और पर्यावरण रक्षण को प्रेरित करने के लिए, बहुत समय, प्रयास और धन का निवेश किया है। हाइफ़ा बन्दरगाह का नवीकरण, इस्राइल में अपनी तरह के एक ही, अति उन्नत उपकरणों से किया गया है, जिससे न केवल इसकी दक्षता और उत्पादकता बढ़ी है, बल्कि उसने पर्यावरण के अनुकूल ऑपरेशनों को बनाए रखने में भी मदद की है। हाइफ़ा बदरगाह के तथा इस्राइली रेलवेज़ के कार्गो डिवीज़न के निकट सहयोग से ट्रेन कारों द्वारा कार्गो का परिवहन संभव हो सका है जिसे पहले सुदूर स्थानों पर ट्रकों से ले जाया जाता था, जिससे पदार्थों का उत्सर्जन, अनुमत मानकों से शून्य भी अधिक नहीं होता तथा परिवहन अधिक पर्यावरण-अनुकूल, तीव्र और दक्ष हो जाता है। परिणाम दिखाते हैं, कि हाइफ़ा बन्दरगाह लगातार और सुसंगत, वायु गुणवत्ता बनाए रखता है, जिसमें पदार्थों का उत्सर्जन अनुमत मानकों से शून्य भी अधिक नहीं होता।



## प्रमुख उपलब्धियाँ

- ओईसीडी विशेषज्ञों के एक अध्ययन के अनुसार, उपलब्ध माध्यमों और संसाधनों के इस्तेमाल के आधार पर, हाइफ़ा बन्दरगाह, विश्व का चौथा सबसे दक्ष कंटेनर बन्दरगाह है।
- ‘ऑस्कर सी पोर्ट्स’ प्रतियोगिता में दो विजय (2019, 2015), दोनों सागर समुदाय और सागर परिवहन का उपयोग करने वाले ग्राहकों को योगदान की श्रेणी में। कम्प्यूटरीकृत टीओएस सिस्टम को आत्मसात करने और उसके उन्नयन के संबंध में तकनीकी श्रेष्ठता तथा नवोन्मेष के लिए, बन्दरगाह को दो पुरस्कार मिले थे।
- हाइफ़ा बन्दरगाह टर्मिनल को, बन्दरगाह पर क्रूज़ जहाज़ों से आने वाले यात्रियों की रेटिंग के आधार पर, अग्रणी टूरिस्ट साइट “ट्रिप एड्वाइज़र” द्वारा दिया जाने वाला, वर्ष दर वर्ष श्रेष्ठता पुरस्कार मिलता है।




## बन्दरगाह ऑनलाइन

रियल टाइम अपडेट्स और पूर्ण पारदर्शिता वाली एक अग्रणी इन्टरनेट क्लायंट साइट

हाइफ़ा बन्दरगाह और उसकी गतिविधियां न केवल सागर, धरती और यहाँ तक कि वायु में विशेष लाभों के साथ स्थित हैं, बल्कि इन्टरनेट पर भी हैं। जैसा कि किसी भी ऐसे बन्दरगाह के लिए उचित ही है, जो टेक्नॉलॉजी उन्नयन और नवोन्मेष में अग्रणी हो, हाइफ़ा बन्दरगाह ने एक इन्टरनेट ग्राहक साइट लॉंच की है, जिसमें अपने ग्राहकों को विश्व के सबसे उन्नत बन्दरगाहों द्वारा स्वीकृत ऐसा अंतर्राष्ट्रीय स्तर उपलब्ध कराना जहां ग्राहक ही केंद्र में हो, का बन्दरगाह का विज़न स्पष्ट किया गया है।

**www.haifaport.co.il**



## नीले सागर को - क्रूज़ और टूरिज़म

हाइफ़ा के रास्ते इस्राइल को क्रूज़ जहाज़, बन्दरगाह से जाने वाले विदेशी क्रूज़ तथा आक्रे मरीना को जाने वाला दैनिक क्रूज़ – सभी बन्दरगाह के द्वार से गुज़रते हैं, जो कि छुट्टी की एक शानदार शुरुआत होती है। चाहे आप इस्राइल में आ रहे हों या वहाँ से जा रहे हों, आपका हाइफ़ा की खाड़ी में शानदार स्वागत होगा ही; चमचमाता हुआ नीला पानी आपके चारों ओर होगा। दूर से माउंट कारमेल आप पर नज़र रखे होगा, और बहाई बग़ीचों की विस्मयकारी दृश्यावली आपके साथ क्रूज़ में रहेगी। प्रति वर्ष लाखों यात्री हाइफ़ा बन्दरगाह टर्मिनल से गुज़रते हैं, उन इस्राइलियों और सैलानियों के लिए उपलब्ध, इस्राइल का एकमात्र बन्दरगाह जो मेडीटेरेनियन में जाना चाहते है, और अग्रणी बन्दरगाह जहां पूरी दुनिया से विलासितापूर्ण जहाजों पर सैलानी आते हैं। टर्मिनल सुविधा सम्पन्न है तथा यहाँ कैफ़ेटेरिया के साथ आरामदेह, सुरुचिपूर्ण वातानुकूलित कमरे, कर-मुक्त दुकानें, "कर-मुक्त तथा बचत" सेवाएँ, टैक्सियाँ तथा सार्वजनिक परिवहन और वे सभी सेवाएँ उपलब्ध हैं जो आगमन और निर्गमन को अधिक सुखद बना सकती हैं।

हमसे संपर्क करें